समाचार

वार्ड क्र. 04 में मणिकंचन केन्द्र का लोकार्पण 5 दिसम्बर मंगलवार को

कोरबा 04 दिसम्बर 2017 – नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती में ईदगाह के समीप नवनिर्मित मणिकंचन केन्द्र एवं वार्ड क्र. 04 में ही निर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र का शुभारंभ 05 दिसम्बर मंगलवार को प्रातः 11 बजे महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके हाथों किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे, लोकार्पण समारोह के दौरान महापौर एवं विधायक के हाथों डस्टबिनों का वितरण भी किया जाएगा, आमजन से अपील की गई है कि वे लोकार्पण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।